हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 18 सितंबर 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| मंदसौर]

04 स्वैच्छिक रक्तदान से दिया मानवता का संदेश कलेक्टर और...



07 भाजपा ने आयोजन किया, जिलाध्यक्ष ने रक्तदान कर शिविर की...



शिखरजी तप के साथ विभिन्न तप के तपस्वी बग्गी में सवार होकर निकले

परमात्मा की रथ यात्रा के साथ तपस्वियों का भव्य वरघोड़ा जुलूस निकाला गया







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के साथ अन्य तपस्याऐं सानंद संपन्न होने तथा समाज में चल रही शिखरजी तप की तपस्या के निमित्त परमात्मा की भव्याति भव्य रथ यात्रा के साथ सभी तपस्वीयों का वरघोड़ा जुलूस नगर में निकाला गया। जुलूस में शिखरजी तप के तपस्वीयों के साथ विभिन्न तप के तपस्वी बग्गी में सवार होकर निकले। सभी तपस्वीयों का आराधना भवन में

श्री संघ व समाजजनों द्वारा बहुमान किया गया

जैन समाज में इस वर्ष परम पूज्य कलिकुण्ड तीर्थोद्धारक प.पू. गुरुदेव राजेन्द्र सूरीश्वरजी महाराजा की आज्ञानुवर्ती प.पू. राजगुणा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा-4 का चातुर्मास चल रहा है। साध्वी मंडल की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में चातुर्मास के दौरान समाज में विभिन्न धार्मिक आराधनाएं एवं कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर में पहली बार सम्मेद शिखरजी पर मोक्ष प्राप्त करने वाले 20 तीर्थंकर भगवानों के निमित्त आयोजित 40 दिवसीय श्री शिखरजी तप की पूर्णाहुति पर गुरुवार को जैन

रथयात्रा में कलात्मक रथ पर परमात्मा को विराजित कर निकाला गया



रथ पर लाभार्थी अरिहंत कुमार अनिल कुमार फाफरिया परिवार परमात्मा को चवर ढुला रहे थे। रथ यात्रा के दौरान स्थान- स्थान पर समाजजनों द्वारा परमात्मा के समक्ष गहुली कर अगवानी की गई। रथ यात्रा में शिखरजी तप के तपस्वी के साथ आठ उपवास के तपस्वी 11 सुसज्जित बग्गी में सवार होकर शामिल थे। एक अन्य बग्गी में अनुकंपा के रूप में नगर वासियों को मुंह मीठा करने के लिए बूंदी का वितरण लाभार्थी प्रेमचंद जितेंद्र कुमार सकलेचा परिवार कर रहा था। रथ यात्रा में प.पू. राज रक्या श्री जी तथा राज श्रियाजी म.सा. के साथ बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं व समाजजनों द्वारा भाग लिया गया।

समाजजनों द्वारा जैन श्वेतांबर आराधना भवन से प्रातः 9,30 बजे बैंड-बाजों एवं ढोल- ढमाकों के साथ परमात्मा की भव्याति भव्य रथ यात्रा के साथ सभी तपस्वियों का वरघोड़ा जुलूस नगर में निकाला गया।

नगर में पहली बार आयोजित श्री सम्मेद शिखरजी तप 7 अगस्त से प्रारंभ हुआ था। 40 दिनों तक चली इस आराधना में कुल 17 आराधकों ने सहभागिता की। तप के दौरान आराधकों द्वारा 20 दिन उपवास तथा 20 दिन बायसना की तपस्या की गई। इस दौरान एक बेला की तपस्या का भी विधान रहा। इस धार्मिक आराधना में दो बालिकाएं हितांशी सकलेचा एवं जिनीशा सकलेचा ने भी सहभागिता कर तप की आराधना की। इसके साथ ही 20 दिवसीय दस विघयति तप की आराधना भी की जा रही थी, जिसमें छोटी बालिका लब्धि ठाकुरिया भी शामिल रही।

आराधना भवन में हुआ तपस्वियों का बहुमान

वरघोड़ा जुलूस के समापन के बाद जैन आराधना भवन में सभी तपस्वियों का बहुमान श्री संघ की ओर से लाभार्थी प्रेमचंद रितेश कुमार ठाकुरिया परिवार द्वारा किया गया। इसी के साथ समाजजनों द्वारा भी तपस्वीयों का बहुमान किया गया। रथ यात्रा के उपरांत स्थानीय जैन श्वेतांबर धर्मशाला में साधार्मिक वात्सल्य का कार्यक्रम श्री संघ की ओर से रखा गया। 16 सितंबर की रात्रि में आराधना भवन में सभी तपस्वियों की वधावना का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। वधावना के लाभार्थी प्रकाशचंद एवं प्रशांतकुमार सकलेचा एवं अन्य परिजनों तथा समाजजनों द्वारा अक्षत से तपस्वियों की वधावना की गई। कार्यक्रम में संगीतकार अंकुश भाई मेहता एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुत संगीत की स्वर लहरियों ने धार्मिक माहौल को और भक्तिमय बना दिया। तपस्वियों की कठिन आराधना एवं तपस्या की समाजजनों ने अनुमोदना करते हुए सभी तपस्वियों के प्रति मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

भगवान देवनारायण का आकर्षक श्रृंगार

देव छठ पर देवधणी के दर्शन करने पहुंचे देव भक्त





हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

विष्णु के अवतार एवं लोकदेवता श्री देवनारायण भगवान का देव छठ पर्व नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर से करीब 3 किलोमीटर दूर देवसागर तालाब स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र बल्ड़ा देवधाम देवनारायण मंदिर में विशेष आयोजन किए गए। मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा भगवान देवनारायण का मनमोहक श्रृंगार किया गया।वहीं शिवगढ़ स्थित देव डूंगरी धाम के देवनारायण मंदिर में भी देव छठ के अवसर पर भगवान देवनारायण का आकर्षक श्रृंगार किया गया। भगवान के दरबार को विद्युत रोशनी एवं रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया। देव छठ के अवसर पर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु देव महाराज के दर्शन करने पहुंचे।दोपहर 2:15 बजे पंडा जी द्वारा महाआरती की गई। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान देवनारायण के दर्शन



किए। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी मनाया देव छठ पर्व देव छठ के अवसर पर नगर के बजरंग मोहल्ला एवं गायरी मोहल्ला स्थित देवनारायण भगवान के मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक आयोजन हुए। मंदिरों में आकर्षक फूलों से दिव्य श्रृंगार किया गया तथा दोपहर में महाआरती आयोजित की गई।इसी प्रकार नगर के समीपस्थ ग्राम नानूखेड़ी, छतरी वाला खेड़ा, घानीखेड़ी, अरनिया सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी श्रद्धालुओं द्वारा देव छठ पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया।

स्मृति नागरिक सहकारी बैंक ने ग्राहकों को दी बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

अग्रणी सहकारी वित्तीय संस्थान, स्मृति नागरिक सहकारी बैंक ने आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए अपने ग्राहकों की खुशियों को बढ़ाने और उनकी वित्तीय आवश्यकताओं को सुलभ बनाने के लिए 'स्मृति फेस्टिवल धमाका' योजना लागू की है। इस विशेष योजना का विधिवत शुभारंभ गणेश चतुर्थी के पावन उपलक्ष्य में श्री नरेंद्र जी नाहटा द्वारा किया गया। इस अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील पंजवानी ने योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि बैंक ने समाज के विभिन्न वर्गों, पेशेवरों, ग्रामीण परिवारों और महिलाओं के सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए कई नई और आकर्षक ऋण योजनाएं न्यूनतम ब्याज दरों एवं आसान प्रक्रियाओं के साथ प्रारंभ की हैं।

एलाइट पर्सनल लोन, स्वरोजगार करने वाले व्यक्तियों , डॉक्टर्स, इंजीनियर्स एवं अन्य प्रोफेशनल्स की वित्तीय प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष



'एलाइट पर्सनल लोन' की सुविधा प्रारंभ की गई है, जिसमें न्यूनतम औपचारिकताओं के साथ त्वरित स्वीकृति दी जा रही है।

इलेक्ट्रिक व्हीकल्स हेतु न्यूनतम ब्याज दरः पर्यावरण-अनुकूल गतिशीलता को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से टू-व्हीलर एवं फोर-व्हीलर इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर बेहद न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण सुविधा शुरू की गई है। गृह ऋण एवं यूज्ड कार लोन पर रियायती दरें: त्योहारी मौसम में अपने सपनों का घर साकार करने और वाहन की सुविधा के लिए गृह ऋण तथा यूज्ड कार लोन अत्यंत रियायती ब्याज दरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। रूरल हाउसिंग (ग्रामीण आवास) योजनाः ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने हेतु बैंक द्वारा ग्रामीण अंचलों में नया मकान बनाने एवं मकान की रिपेयरिंग (मरम्मत/नवीनीकरण) के लिए न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण सुविधा प्रदान की जा रही है। महिला सशक्तिकरण हेतु समूह ऋणः मातृशक्ति को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बैंक द्वारा महिलाओं के समूहों को विशेष रूप से कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। त्वरित स्वीकृति एवं आसान प्रक्रियाः त्योहारी अवधि के दौरान आवेदकों को समयबद्ध व त्वरित स्वीकृति के साथ प्रोसेसिंग शुल्क में विशेष राहत प्रदान की जा रही है। सुनील पंजवानी (मुख्य कार्यपालन अधिकारी) ने कहाश्गणेश चतुर्थी और आगामी त्योहारों के पावन अवसर पर हमारे ग्राहकों की आकांक्षाओं को पूरा करना और उन्हें सुलभ वित्तीय सेवाएं प्रदान करना ही हमारा प्राथमिक ध्येय है। प्रोफेशनल्स, ग्रामीण परिवारों, पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों और महिला समूहों के उत्थान के लिए ये नई योजनाएं अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी।

वीर शिरोमणि पाबूजी महाराज जन्मोत्सव पर वाहन रैली 20 को

मंदसौर। वीर शिरोमणि, लोकदेवता पाबूजी राठौड़ महाराज के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए क्षत्रिय नायक समाज युवा संगठन के सदस्यों द्वारा जिले के प्रत्येक ग्रामों में सतत संपर्क किया जा रहा है, साथ ही सभी से अपील की गई की इस यात्रा में अधिक से अधिक भाग लेकर इसको सफल बनाना है। आयोजन समिति ने बताया कि दिनांक 20 सितम्बर 2026, रविवार को प्रातः 8 बजे वाहन रैली का शुभारंभ ग्राम बोहराखेड़ी से होगा। यह रैली बोहराखेड़ी से प्रारंभ होकर अलावदाखेड़ी, मंदसौर नगर (हर्ष विलास, रेलवे स्टेशन), नाहटा चौराहा, गांधी चौराहा, वी.पी.एल. चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा, श्री काल्ड, लक्ष्मीबाई चौराहा, मुखी चौराहा,, बंड पिपलिया (बालाजी चौराहा), सौम्या होते हुए ग्राम कचनारा में रैली का समापन होगा। उक्त जानकारी क्षत्रिय नायक समाज युवा संगठन के मंदसौर जिला अध्यक्ष मोहनलाल चौहान ने दी।



प्राकृतिक सौंदर्य के बीच आस्था का केंद्र है बल्ड़ा देवधाम

प्राकृतिक सौंदर्य एवं पहाड़ियों के बीच स्थित बल्ड़ा देवधाम नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां दूर-दराज से श्रद्धालु अपनी मनोकामना एवं मन्नत लेकर देव महाराज के दर्शन करने पहुंचते हैं। प्रत्येक शनिवार को भी बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंचकर देव महाराज के दर्शन एवं आरती में शामिल होते हैं तथा अपनी हाजिरी लगाते हैं।



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मंदसौर शिवना नदी के घाट पर सामूहिक रूप से सफाई व श्रमदान

भानपुरा में शिविर आज

मंदसौर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिले के भानुपरा विकासखण्ड में 18 सितंबर को शिविर आयोजित होगा। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने सभी अधिकारियों को शिविर की तैयारी के निर्देश जारी किए हैं। इस दौरान अभियान के अंतर्गत जन समस्याओं शिकायतों का निराकरण किया जाएगा संबंधित जनप्रतिनिधीकरण अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत उद्यम संवाद कार्यक्रम आईटीआई भानपुरा में प्रातः 09:30 में होगा एवं जनसंवाद कार्यक्रम खजूरना में दोपहर 2 बजे होगा। मैंसोदा के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 18 सितंबर को अधिकारियों द्वारा भ्रमण करके लोक संपर्क किया जाएगा। आमजन की शिकायत और समस्याओं का यथासंभव त्वरित निराकरण किया जाएगा। जिन शिकायतो समस्याओं के निराकरण में समय सीमा देनी होगी तो निश्चित समय सीमा दीजाएगी। 18 सितंबर को अधिकारियों द्वारा संपूर्ण मैंसोदा क्षेत्र के वार्डो का भ्रमण किया जाएगा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने संकल्प के साथ देश की सेवा की: राज्यसभा सांसद गुर्जर

जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी श्रमदान में सम्मिलित हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को प्रातः मंदसौर में शिवना नदी के घाट पर साफ सफाई एवं श्रमदान किया गया। श्रमदान में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला



पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर दिव्यांक सिंह, अधिकारी, कर्मचारी विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान सांसद बंशीलाल लाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प के साथ देश की सेवा की है प्रधानमंत्री ने सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है ' प्रधानमंत्री ने हर वर्ग की चिंता की है आयुष्मान कार्ड योजना के माध्यम से गरीब से गरीब व्यक्ति को अच्छे अस्पताल में इलाज मिल रहा है प्रधानमंत्री ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। मंदसौर नगर, प्रदेश और देश के पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं संरक्षित करने के लिए राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर द्वारा सभी को शपथ दिलाई।

कन्या हाई सेकेंडरी संधारा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा संकल्प के रूप में मनाया



भानपुरा। संधारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को 'सेवा संकल्प अभियान पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। विद्यालय प्रांगण में प्रधानमंत्री मोदी की फोटो एवं उनकी उपलब्धियों, योगदान को फ्लेक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। 'सेवा संकल्प अभियान 2026' अंतर्गत विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई, एक दिन पूर्व से ही विद्यालय भवन पर रोशनी की गई। आयोजित कार्यक्रम में सभी छात्राओं के समक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा के 25 वर्षों की जानकारी दी गई। मोदी के जीवन से सीख लेने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत संधारा के सरपंच चांदमल पाटीदार, भूतपूर्व उपसरपंच मनोहर पाटीदार, भूतपूर्व जनपद सदस्य बृजमोहन बैरागी, वार्ड पंच संधारा पंचायत मुकेश माली, समाजसेवी कमलेश प्रजापति अतिथि के रूप में मंचासिन रहे। विद्यालय में उपस्थित सभी छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लिया साथ ही छात्राओं द्वारा संदेश प्रद रंगोली भी बनायी गयी जिसे सभी अतिथियों ने पसंद किया। इस अवसर विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही। प्राचार्य के अनुसार 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न आयोजन होंगे। इसी क्रम में विद्यालय की छात्राओं के लिए दिनांक 19 सितम्बर को भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 21 सितम्बर को चित्रकला प्रतियोगिता की प्रदर्शनी आयोजित की जायेगी ।

कन्या हाई सेकेंडरी संधारा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा संकल्प के रूप में मनाया

भानपुरा। संधारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को 'सेवा संकल्प अभियान पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। विद्यालय प्रांगण में प्रधानमंत्री मोदी की फोटो एवं उनकी उपलब्धियों, योगदान को फ्लेक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। 'सेवा संकल्प अभियान 2026' अंतर्गत विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई, एक दिन पूर्व से ही विद्यालय भवन पर रोशनी की गई। आयोजित कार्यक्रम में सभी छात्राओं के समक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा के 25 वर्षों की जानकारी दी गई। मोदी के जीवन से सीख लेने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत संधारा के सरपंच चांदमल पाटीदार, भूतपूर्व उपसरपंच मनोहर पाटीदार, भूतपूर्व जनपद सदस्य बृजमोहन बैरागी, वार्ड पंच संधारा पंचायत मुकेश माली, समाजसेवी कमलेश प्रजापति अतिथि के रूप में मंचासिन रहे। विद्यालय में उपस्थित सभी छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लिया साथ ही छात्राओं द्वारा संदेश प्रद रंगोली भी बनायी गयी जिसे सभी अतिथियों ने पसंद किया। इस अवसर विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही। प्राचार्य के अनुसार 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न आयोजन होंगे। इसी क्रम में विद्यालय की छात्राओं के लिए दिनांक 19 सितम्बर को भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 21 सितम्बर को चित्रकला प्रतियोगिता की प्रदर्शनी आयोजित की जायेगी। दिनांक 21 सितम्बर को चित्रकला प्रतियोगिता की प्रदर्शनी आयोजित की जायेगी, जिसमें संधारा ग्राम के सभी गणमान्य नागरिक प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकेंगे।

खबर संक्षेप

लाल गेट के राजा के दरबार में आज बहेगी काव्य सरिता

देवास। संस्था सिद्धिविनायक के पंडाल में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। लाल गेट के राजा का गणेशोत्सव पूरे शहर का उत्सव है और इसमें प्रतिदिन हजारों लोग पहुंच रहे। संगीतमय आरती के साथ सांस्कृतिक आयोजनों में सहभागी बन रहे। संस्था के सैकड़ों सदस्य भी सेवा कार्य में जुटे हैं और पूरी व्यवस्था संभाल रहे।
आयोजित होने वाले समारोह की अगली कड़ी में 18 सितंबर को अभा कवि सम्मेलन होगा। इसमें देश के प्रसिद्ध कवि शिरकत करेंगे। कवि सम्मेलन की बागडौर देवास के लाड़ले कवि शशिकांत यादव शशि संभालेंगे, जो सबरस कविता पाठ में निपुण हैं और अपनी अलहदा शैली से श्रोताओं को बांधे रखते हैं। आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आमंत्रित कवियों में हास्य कवि जानी बैरागी, हास्य पैरोडी प्रताप नवीन, हास्य व्यंग्य चेतन चर्चित, गीत-गजल कवयित्री आयुषी राखेचा, नेहा शर्मा नमन शामिल हैं। संस्था सिद्धि विनायक के संयोजक रवि जैन ने सभी शहरवासियों से अपील की है कि 8.30 बजे लाल गेट की राजा की आरती में सम्मिलित होकर सपरिवार पधारकर कवि सम्मेलन का आनंद लें।

सेवा संकल्प अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और युवाओं ने लिया हिस्सा

स्वैच्छिक रक्तदान से दिया मानवता का संदेश कलेक्टर और निगमायुक्त ने किया रक्तदान

प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत रक्तदान शिविर हुए आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत गुरुवार को जिला चिकित्सालय सहित विकासखण्डस्तर पर स्वास्थ्य संस्थाओं में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय के नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित रक्तदान शिविर में कलेक्टर ऋतुराज सिंह, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, एसडीएम अभिषेक शर्मा, नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर, राजेश यादव, रजत पाल, मोहित जाट, लोकेन्द्र सिंह सैंधव अन्य जनप्रतिनिधियों, पत्रकार प्रताप सिंह ठाकुर सहित अन्य नागरिकों ने रक्तदान किया। विकासखण्डस्तर पर आयोजित शिविरों में भी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, चिकित्सकों, युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बड़ी संख्या में स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता का अनूठा संदेश दिया। संग्रहित रक्त आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में जरूरतमंद मरीजों की जीवन रक्षा के लिए उपयोग में लाया जाएगा। कार्यक्रम में रायसिंह सैंधव ने कहा कि "नर सेवा ही नारायण सेवा है" के भाव को सार्थक करते हुए जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर में एकत्रित रक्त का उपयोग जरूरतमंद मरीजों के उपचार में किया जाएगा।

एनीमिया की रोकथाम व उपचार पर रहेगा विशेष जोर

जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान के दौरान समुदाय स्तर पर गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, हीमोग्लोबिन जांच, एनीमिक महिलाओं की ट्रैकिंग एवं उपचार तथा सिकल सेल स्क्रीनिंग की जाएगी।
स्वास्थ्य संस्थाओं में सीबीसी जांच, एनीमिक गर्भवती महिलाओं का प्रबंधन, सिकल सेल का निदान एवं प्रबंधन, एएनसी जांच तथा किशोरी बालिकाओं में एनीमिया की रोकथाम के लिए गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

पिज्जा ऑर्डर को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बस स्टैंड स्थित एनी टाइम बेकरी पर पिज्जा के ऑर्डर को लेकर बेकरी संचालक और ग्राहकों के बीच हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 15 सितंबर की रात करीब 11 से 11:30 बजे के बीच बस स्टैंड स्थित बेकरी पर ऑर्डर को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो गाली-गलौज और मारपीट तक पहुंच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। बेकरी संचालक पक्ष की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 607/2026 दर्ज किया गया, जबकि ग्राहक प्रिंस चौहान एवं राजू चौहान की शिकायत पर अपराध क्रमांक 608/2026 पंजीबद्ध किया गया। दूसरे प्रकरण में बीएनएस की धाराओं के साथ एससी/एसटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि संबंधित दुकान देर रात तक संचालित होने से क्षेत्र में अनावश्यक भीड़ एकत्रित होती है, जिससे विवाद की स्थिति बनती है। पुलिस ने दुकानदारों को निर्धारित समय पर प्रतिष्ठान बंद करने और आसपास जमावड़ा नहीं होने देने के निर्देश दिए हैं।

घटना के बाद बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में रात्रिकालीन पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया, उप निरीक्षक रूपेश वायसकर, प्रधान आरक्षक जितेंद्र पटेल, मनोज मौर्य, आरक्षक जितेंद्र एवं प्रधान आरक्षक मनोज पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भाजयुमो ने रक्तदान शिविरों में 793 यूनिट रक्त किया संग्रहित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला देवास द्वारा जिले भर में वृहद स्तर पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत आयोजित इन शिविरों में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 793 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान शिविर अनुसार विवरण में देवासः 175 यूनिट, सोनकच्छः 115 यूनिट, टोंकखुर्दः 97 यूनिट, बागलीः 110 यूनिट, कन्नौदः 76 यूनिट, खातेगांवः 110, बरोठाः 75 यूनिट, हरणगांवः 35 यूनिट कुल संग्रहः 793 यूनिट रक्तदान संग्रहित किया। शिविर के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष बहादुर मुकाती, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव, विजय सिंह पंवार, मनीष सोलंकी एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष रजत पाल सिंह राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। उक्त जानकारी रक्तदान अभियान जिला प्रभारी राहुल मालवीय ने दी।

मोदी के जन्मदिवस पर रक्त हुआ संग्रहित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सिविल अस्पताल सोनकच्छ में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में भाजपा पदाधिकारियों, युवा कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान किया। शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजयुमो जिलाध्यक्ष रजतपाल सिंह राजपूत, विधानसभा प्रभारी महेश पाटीदार, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह मनासा, राधेश्याम गजेश्वर एवं बीएमओ शैलेंद्र औरैया ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर रोगी कल्याण समिति सदस्य नरेंद्र मेहता, मंडल महामंत्री बहादुर सिंह चौहान, मंडल उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह गोहिल, अभिषेक शर्मा, शशांक सांवलिया, जितेंद्र धाकड़, रविंद्र बोरवाल, उमेश गोस्वामी, यतीन्द्र पाटनी,अंकित धाकड़, शुभम सहित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों ने रक्तदान किया। शिविर प्रभारी राजकुमार पाटीदार एवं मीडिया प्रभारी तरुण शर्मा ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित रक्तदान शिविर को लेकर युवाओं एवं नागरिकों में खासा उत्साह रहा।

पौधारोपण गौसेवा व स्वच्छता अभियान संपन्न

देवास। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को वृंदावन गौशाला, नागुखेड़ी मुंगावदा में सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपसरपंच रंजन सिंह राठौड़ सपरिवार द्वारा गौशाला परिसर में पौधारोपण किया गया, गौसेवा की गई तथा गौशाला परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके साथ ही वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की सेवा एवं अन्नदान का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। शाम को गौ शाला और बाल वाटिका में दीप जलाकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर विशेष रूप से महेश चौहान जिला उपाध्यक्ष, भाजपा देवास, लाखन टीपानिया जिला उपाध्यक्ष, शिवसेना देवास, ठाकुर नरेन्द्र सिंह गौड़ संचालक, वृंदावन गौशाला एवं आदित्य वर्मा, सिंगावदा उपस्थित रहे।

मंडुक पुष्कर तालाब पर चलाया स्वच्छता अभियान



देवास। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर गुरूवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत स्थानिय मंडुक पुष्कर तालाब पर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव,विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, पार्षद एवं भाजपा महामंत्री राजेश यादव पार्षद प्रतिनिधि संजयसिंह ठाकुर के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर निगम स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्रसिंह ठाकुर, स्वच्छ भारत मिशन से विशाल जोशी एवं निगम की सहयोगी संस्थाओ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

छात्रों के समर्थन में कांग्रेस ने निकाली न्याय यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आगामी 19 सितंबर को इंदौर में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, शिक्षण व्यवस्था में व्याप्त धांधलियों और पेपर लीक की लगातार घटनाओं के मद्देनजर, छात्रों से संवाद करेंगे। इसी कार्यक्रम के समर्थन में गुरुवार को जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में न्याय यात्रा का आयोजन किया। यात्रा में कांग्रेस जन छात्रों के समर्थन में नारे लगाते चल रहे थे। अध्यक्ष गौतम ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से छात्रों की गूंज कार्यक्रम में अधिक संख्या में भागीदारी की अपील की। इस अवसर पर गुरूचरण सिंह सलूजा, रेखा वर्मा, जितेंद्र सिंह गौड़ आदि मौजूद रहे।

गुर्जर समाज ने नगर में निकाली शोभा यात्रा



भौरासा। नगर भौरासा में गुर्जर समाज द्वारा भगवान श्री देवनारायण के जन्मोत्सव एवं गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज जयंती के उपलक्ष्य मे विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा देवनारायण मंदिर से प्रारंभ हुई। यात्रा का गणेश मंदिर के समीप कांग्रेसजनों ने स्वागत किया। यात्रा बस स्टैंड होते हुए पुनः देवनारायण मंदिर पहुंची। जहां आरती कर शोभा यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में अखाड़े भी शामिल थे जिसमे युवाओ ने प्रस्तुति दी। सुरक्षा की दृष्टि से भौरासा थाना पुलिस बल भी मौजूद रहा।

सामुदायिक स्वच्छता परिसर में लगा कूड़े-कचरे का ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



सोनकच्छ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कुलाला में सामुदायिक भवन का परिसर इन दिनों कूड़े-कचरे और गोबर के ढेर से घिरा नजर आ रहा है। स्वच्छता के उद्देश्य से बनाए गए परिसर में ही कचरा और गोबर डाले जाने से इसकी उपयोगिता पर सवाल उठ रहे हैं। बताया गया कि परिसर में कचरा और गोबर नहीं डालने को लेकर पूर्व में प्रशासन द्वारा सावधानी एवं सांकेतिक बोर्ड भी लगाया गया था। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा परिसर के आसपास लगातार गोबर और कचरा डाला जा रहा है। जानकारी अनुसार, कुछ दिन पूर्व तहसीलदार द्वारा ग्राम पंचायत को परिसर से गोबर एवं कचरे के ढेर हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद पंचायत द्वारा संबंधित लोगों को सात दिन के भीतर कचरा और गोबर हटाने के लिए सूचित किया गया। निर्धारित अवधि बीतने के बाद भी ढेर नहीं हटाए गए हैं। ऐसे में अब प्रशासन द्वारा आगे की कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। कुलाला सरपंच प्रतिनिधि तेज यादव ने बताया कि तहसीलदार के आदेशानुसार संबंधित व्यक्तियों को कचरा एवं गोबर हटाने के लिए सूचित कर दिया गया है। यदि इसके बाद भी वे ढेर नहीं हटाते हैं तो प्रशासनिक कार्रवाई कर इन्हें हटाया जाएगा।

नगर में जगह-जगह विराजे बप्पा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर भौरासा में गणेश चतुर्थी से लेकर पांच दिवसीय गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रतिदिन भगवान गणेश के आकर्षक श्रृंगार के साथ भव्य आरती आयोजित की जा रही है। वही नगर में बने भगवान गणेश के पंडालो मे नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी,उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षद गण सहित सहित अन्य पदाधिकारियो व नगरवासियों द्वारा भगवान श्री गणेश की भव्य आरती की जा रही है। नगर में नवमी के दिन एक चल समारोह भी निकाला जाएगा। जिसमें झांकी व अखाड़े भी शामिल होंगे। उसके पश्चात श्री गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

कृपालु के बप्पा के दरबार में कलेक्टर-निगम आयुक्त ने की आरती

वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने लिया गणपति दर्शन का आनंद





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

चामुंडा कॉम्प्लेक्स परिसर में सजे 'कृपालु के बप्पा' के दरबार में गणेशोत्सव के तीसरे दिन बुधवार को भक्ति के साथ सेवा और अपनत्व की अनूठी तस्वीर देखने को मिली।

भगवान श्री गणेश की आरती में देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार शामिल हुए और विधि-विधान से बप्पा की आरती कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ वृद्धाश्रम के वृद्धजन भी विशेष रूप से आयोजन में शामिल हुए। बप्पा के दर्शन और आरती के दौरान वृद्धजनों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। कई वृद्धजन भक्ति में झूमते नजर आए।

गणेशोत्सव के अवसर पर संस्था कृपालु परिवार द्वारा चलाए जा रहे 11 दिवसीय भोजन प्रसादी आयोजन में कलेक्टर ऋतुराज सिंह और निगम आयुक्त दलीप कुमार ने भी सेवा कार्य में सहभागिता की। दोनों अधिकारियों ने स्वयं श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी परोसी और सेवा भाव से भोजन वितरण किया। इसके बाद दोनों रसोई घर में भी पहुंचे और भव्य भंडारे की रसोई घर का जायजा लिया। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए की गई भोजन प्रसादी व्यवस्था की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोजन प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं और करीब 11 हजार से अधिक लोगों के लिए प्रसादी तैयार की गई है। उन्होंने स्वयं भी प्रसादी ग्रहण की तथा संस्था के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए सभी सदस्यों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव जैसे पावन पर्व पर वृद्धजनों को शामिल कर उन्हें बप्पा के दर्शन और आरती का अवसर देना सराहनीय पहल है।'

कृपालु के बप्पा' का दरबार तीसरे दिन भक्ति के साथ सेवा का भी केंद्र बना रहा। जहां एक ओर बप्पा की आरती में श्रद्धालु भक्तिभाव में डूबे नजर आए, वहीं दूसरी ओर अधिकारियों द्वारा भोजन परोसा गया। उक्त जानकारी अखिलेश पवार ने दी।

वैश्य समाज सम्मेलन में एल्डरमैन बनने पर प्रदीप मंत्री का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



उज्जैन के आरके बंसल इंटरनेशनल स्कूल में उज्जैन संभाग स्तरीय वैश्य महासम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में संभाग के विभिन्न जिलों से समाज के प्रतिनिधि एवं जिलाध्यक्ष शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज को संगठित रखने पर जोर दिया गया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि सिंहस्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल एवं विधायक अनिल जैन थे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण लाठी, महामंत्री अशोक सोमानी, युवा इकाई अध्यक्ष विकास डागा तथा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ संयोजक द्वारकाधीश मंत्री सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा भौरासा नगर परिषद में प्रदीप कुमार मंत्री को एल्डरमैन बनाए जाने तथा नगर परिषद सोनकच्छ में समाजसेवी राधेश्याम गजेश्वर को एल्डरमैन बनाए जाने पर शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में करीब 300 से अधिक वैश्य समाजबंधुओं ने सहभागिता की। भौरासा से समाजसेवी प्रहलाद दास झवर तथा देवास से राजेंद्र संगवी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा संकल्प अभियान प्रारंभ

भाजपा ने आयोजन किया, जिलाध्यक्ष ने रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मयंक कुमार शुक्ला एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गजेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। शिविर की विशेष बात यह रही कि भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने पहली बार रक्तदान करते हुए स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरणादायक संदेश दिया। उनके रक्तदान के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान कुल 22 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, दीपक मिश्रा, विपिन निरंजन, दीपक चौरसिया, राहुल राजपूत, मौसम नायक, सत्यपाल, पवन साहू, अरविंद राजा, शिव कुमार चंदेल, हरिओम कुशवाहा, भागीरथ कुशवाहा, रविंद, संजय कुशवाहा, अनिल भटनागर, संतोष कुशवाहा, सोनू कुशवाहा पठा, मोनू कुशवाहा, अनुराग कुशवाहा, मिलन सोनी, इरफान मंसूरी एवं संतोष कुमार पांडिया शामिल रहे।

रक्तदान महादान, जरूरतमंदों के लिए बनता है जीवनदायिनी





शिविर को संबोधित करते हुए सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने का माध्यम है। दुर्घटना, गंभीर बीमारी, प्रसव, ऑपरेशन तथा अन्य चिकित्सकीय परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता पड़ सकती है। ऐसे समय में रक्तदाताओं द्वारा किया गया स्वैच्छिक रक्तदान अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं पात्र लोगों को समय-समय पर स्वेच्छा से रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को इससे जोड़ने की आवश्यकता है। इस प्रकार के शिविर लोगों को सेवा, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना से जोड़ने का कार्य करते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने रक्तदान करने के बाद कहा कि रक्तदान को लेकर समाज में जागरूकता फैलाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और जरूरत के समय रक्त की उपलब्धता किसी व्यक्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण हो सकती है। उन्होंने अधिक से अधिक स्वस्थ लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान किया। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मयंक कुमार शुक्ला ने कहा कि रक्तदान एक सुरक्षित एवं मानवीय पहल है। स्वैच्छिक रक्तदान से ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता बनाए रखने में मदद मिलती है और आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के जागरूक नागरिकों की भागीदारी से रक्तदान की संस्कृति को और मजबूत किया जा सकता है।

22 रक्तदाताओं ने लिया हिस्सा

रक्तदान शिविर में 22 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में रक्तदाताओं के पंजीकरण, स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त संग्रह की प्रक्रिया ब्लड बैंक की टीम द्वारा चिकित्सकीय देखरेख में संपन्न कराई गई। रक्तदान करने के बाद सभी रक्तदाताओं को आवश्यक प्रमाण-पत्र/प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथियों ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके सेवा भाव की सराहना की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों में सहभागिता का संकल्प लिया।

सेवा भावना से आगे आए कार्यकर्ता

शिविर के दौरान भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। रक्तदान करने वाले कार्यकर्ताओं ने कहा कि जन्मदिन जैसे अवसरों को समाजसेवा से जोड़ना एक सकारात्मक पहल है। रक्तदान के माध्यम से किसी अनजान जरूरतमंद के जीवन में मदद पहुंचाई जा सकती है, इसलिए स्वस्थ लोगों को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। शिविर में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक, कर्मचारी एवं ब्लड बैंक स्टाफ ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया।इस अवसर पर भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक एवं कर्मचारी तथा ब्लड बैंक स्टाफ सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर ने सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। 22 रक्तदाताओं द्वारा किए गए रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता बढ़ाने में योगदान मिला और लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक होने का संदेश भी दिया गया।

दो पेशेवर जमानतियों समेत कई पर मुकदमा

फर्जी दस्तावेजों से अपराधियों की जमानत कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना कोतवाली पुलिस ने फर्जी संपत्ति दस्तावेज एवं कूटरचित प्रपत्रों के सहारे विभिन्न आपराधिक मामलों में आरोपियों की जमानत कराने वाले कथित गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गिरोह से जुड़े लोग अपराधियों को जमानत दिलाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर उनका इस्तेमाल करते थे और इसके बदले आर्थिक लाभ प्राप्त करते थे। मामले में दो कथित पेशेवर जमानतियों समेत अन्य लोगों के खिलाफ थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।

कार्रवाई में थाना कोतवाली की नई बस्ती चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक आलोक कुमार सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक कुलदीप राणा को सौंपी गई है। एफआईआर में नामजद प्रमुख आरोपियों में आजादपुरा निवासी प्रमोद पुत्र बल्देव प्रसाद, नेहरू नगर निवासी देवीप्रसाद पुत्र गनेश शामिल हैं। प्रमोद द्वारा विभिन्न थानों में दर्ज कई मुकदमों के आरोपियों की जमानत के दौरान कथित रूप से फर्जी दस्तावेज लगाए गए। इनमें मुकदमा अपराध संख्या 627/2026, 692/2026, 1234/2024 और 124/2025 समेत अन्य मामले बताए गए हैं। इसी प्रकार देवी प्रसाद पर भी विभिन्न आपराधिक मामलों में कूटरचित जमानत प्रपत्रों को तस्दीक कराने और आरोपियों को जमानत दिलाने में भूमिका निभाने का आरोप है। उसके संबंध में मुकदमा अपराध संख्या 28/2025, 310/2026 और 945/2023 समेत अन्य मामलों का उल्लेख किया गया है। पुलिस रिकॉर्ड में सामने आए विवरण के अनुसार, कथित तौर पर इन जमानतियों के माध्यम से जिन आरोपियों की जमानत कराए जाने का उल्लेख है, उनमें हरियाणा के जिला मेवात अंतर्गत बडेड निवासी रहीश पुत्र मजीद, लक्ष्मीपुरा निवासी यश सिंह उर्फ मुक्कू पुत्र भगवान सिंह, नई बस्ती निवासी जितेन्द्र सिंह पुत्र आनन्द, कसाई मण्डी झांसी निवासी रशीद उर्फ पिस्टन पुत्र हमीद पहलवान, तालबेहट चौबयाना निवासी राहुल रैकवार पुत्र बिरजू रैकवार शामिल बताए गए हैं। इसके अलावा ओरछा गेट बाहर झांसी निवासी अकबर कुरैशी पुत्र भूरा कुरैशी, म.प्र. राजगढ़ के कडिया सांसी निवासी अनिकेत सांसी पुत्र सुभाष सांसी, महाराष्ट्र के नागपुर अंतर्गत संतरा मार्केट के पास निवासी नादिरा पत्नी गंगाधर, बिहार के समस्तीपुर अंतर्गत पटवारा निवासी शिवजी साहनी पुत्र भानू साहनी, झांसी सीपरी बाजार आईटीआई के पास निवासी गिरजा पत्नी रोहित सहरिया के नाम भी पुलिस रिकॉर्ड में हैं।

पुलिस का कहना है कि मामले में इसके अतिरिक्त विभिन्न थानों के अन्य कई आरोपियों की जमानत से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) और 61(2) लगाई गई हैं। जांच के दौरान जमानत में इस्तेमाल किए गए दस्तावेजों, संपत्ति संबंधी अभिलेखों, आरोपियों के आपसी संपर्क और पूर्व में कराई गई जमानतों से संबंधित रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज तैयार कराने, उन्हें उपलब्ध कराने, तस्दीक कराने और न्यायालय में जमानत के लिए इस्तेमाल करने में और कौन-कौन लोग शामिल रहे हैं। जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर अन्य संदिग्धों की भूमिका भी निर्धारित की जाएगी। मामले में आगे की कार्रवाई विवेचना और साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी।

खबर संक्षेप

शराब के नशे में युवक से गाली-गलौज व मारपीट

ललितपुर। थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम पुराखुर्द में शराब के नशे में एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गाली देने से मना करने पर नामजद युवक ने पीड़ित के साथ लात-घूंसों से मारपीट की और उसे जमीन पर पटक दिया। इससे उसके कूल्हे में चोट आ गई। पीड़ित की तहरीर पर थाना पूराकलां पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पुराखुर्द निवासी हरीदयाल पुत्र हल्के ढीमर ने तहरीर में बताया कि वह 13 सितंबर की शाम करीब छह बजे अपने मोहल्ले में रोहित लोधी की दुकान से सामान खरीदकर घर लौट रहा था। रास्ते में तुलाराम साहू के मकान के पास पहुंचने पर गांव का ही अमर सिंह पुत्र फुल्लू यादव कथित रूप से शराब के नशे में मिला और उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। जब उसने गाली देने से मना किया तो अमर सिंह ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी और उसे जमीन पर पटक दिया। आरोप है कि इस दौरान उसके कूल्हे में चोट आई। यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने घटना के दौरान उसे जान से मारने की धमकी दी। चोट लगने के बाद वह उपचार के लिए अस्पताल चला गया, जिसके कारण तत्काल थाने पहुंचकर शिकायत नहीं कर सका। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

बिजली बिल के पैसों को लाठी-डंडों से मारपीट

ललितपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हंसारा में बिजली बिल के पैसों को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि सात लोगों ने एक घर पर पहुंचकर गाली-गलौज करते हुए परिवार के सदस्यों के साथ लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट की। घटना में परिवार के सदस्यों को चोटें आने का आरोप है। तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम हंसारा निवासी इन्द्रपाल पुत्र रामराज परिहार ने बताया कि 16 सितंबर की सुबह करीब आठ बजे वह अपने खेत पर था। इसी दौरान बिजली बिल के पैसों को लेकर विवाद के चलते नामजद आरोपी उसके घर पहुंच गए। आरोप है कि आरोपियों ने घर पहुंचकर परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब परिजनों ने इसका विरोध करते हुए गाली देने से मना किया तो सभी आरोपियों ने मिलकर उनके साथ लात-घूंसों एवं लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। परिवार के सदस्यों को चोटें आने की बात कही गई है। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए।

विश्वकर्मा युवा सम्मेलन

कांग्रेस नेताओं ने भरा युवाओं में जोश शिक्षा, जागरूकता व राजनीतिक भागीदारी का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विश्वकर्मा समाज के युवाओं को शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक एवं राजनीतिक भागीदारी के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित विश्वकर्मा युवा सम्मेलन में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी, पूर्व विधायक जगदीश जांगिड़ ने पहुंचकर युवाओं को संबोधित किया। सम्मेलन में राष्ट्रीय सचिव जगदीश जांगिड़ के पहुंचते ही विश्वकर्मा समाज के सैकड़ों युवाओं ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। युवाओं में उनके प्रति खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, कांग्रेस प्रदेश महासचिव राहुल रिछारिया, प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत, रुपनारायण विश्वकर्मा, लखनलाल विश्वकर्मा, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, हरीराम विश्वकर्मा सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी अतिथियों का भी समाज के युवाओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रीय सचिव एवं यूपी सह प्रभारी जगदीश जांगिड़ ने कहा कि विश्वकर्मा समाज का देश के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा समाज के मेहनतकश, गरीब, वंचित और पिछड़े वर्गों को सम्मान और अवसर देने का काम किया है। अपने राजनीतिक अनुभव को साझा करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें तीन बार टिकट देकर विधायक बनने का अवसर दिया और एक छोटे कार्यकर्ता को आगे बढ़ाया।

उन्होंने युवाओं से कहा कि वे शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाएं, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और समाज की बेहतरी के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। कहा कि राहुल गांधी लगातार गरीबों, दलितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की बात उठाते रहे हैं। उन्होंने युवाओं से कांग्रेस की विचारधारा से जुड़कर जनसेवा में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि विश्वकर्मा समाज मेहनती, ईमानदार और कर्मठ समाज है। उन्होंने कहा कि जब समाज का प्रत्येक युवा शिक्षित और जागरूक होगा, तब सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में उसकी भागीदारी और मजबूत होगी। प्रदेश महासचिव राहुल रिछारिया ने कहा कि युवाओं को आगे आकर सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज सदैव सेवा और मेहनत के लिए जाना जाता है तथा समाज के युवाओं को आगे बढ़ने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत ने भी युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि समाज की तरक्की के लिए युवाओं की सक्रिय भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षा, संगठन और सामाजिक एकजुटता को समाज की मजबूती का आधार बताया। संयोजक एवं पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पवन विश्वकर्मा ने समाज को जागरूक करने, युवाओं को संगठित करने और सामाजिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में निरंतर कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम में विश्वकर्मा समाज के जिलाध्यक्ष रुपनारायण विश्वकर्मा ने समाज के सैकड़ों युवा, पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे सभी का आभार व्यक्त किया सम्मेलन में युवाओं में खासा उत्साह और जोश देखने को मिला। इस मौके पर लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, नेहा तिवारी, रामबाबू विश्वकर्मा, सोनू विश्वकर्मा, कमल विश्वकर्मा, सतेंद्र विश्वकर्मा, अभिषेक विश्वकर्मा, चन्दन विश्वकर्मा, नरेश विश्वकर्मा, रोहित विश्वकर्मा आदि सहित बानपुर नाराहट महरौनी टीकमगढ़ सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

संगठन सृजन अभियान की समीक्षा में बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

संगठन की मजबूती से ही कांग्रेस का भविष्य मजबूत होगा : जांगिड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को गति देने के उद्देश्य से बुधवार को प्रेस क्लब में जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय सचिव एवं बुंदेलखंड क्षेत्र सह प्रभारी जगदीश चंद्र जांगिड़ मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने जिले में संगठन की स्थिति, बूथ स्तर तक संगठन के विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा चुनावी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। जगदीश चंद्र जांगिड़ ने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन की वास्तविक ताकत उसका जमीनी संगठन और बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता होते हैं। संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य केवल पदों का गठन करना नहीं, बल्कि कांग्रेस को गांव, न्याय पंचायत और बूथ



स्तर तक सक्रिय एवं मजबूत बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय, अनुशासन और एकजुटता के साथ संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। पूर्व प्रदेश महासचिव राहुल रिछरिया ने कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारियां अंतिम समय में शुरू करने के बजाय अभी से बूथ स्तर पर की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, सक्रियता और मजबूत संगठन के आधार पर कांग्रेस अपनी राजनीतिक भूमिका को मजबूत कर सकती है। प्रत्येक कार्यकर्ता को जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझने और उन्हें संगठन से जोड़ने का कार्य करना होगा। पूर्व महासचिव राजेंद्र शर्मा कांग्रेसियों से आगे चुनाव में हम कल भरने का आह्वान किया । पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल घवारी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। बूथ से लेकर जिला स्तर तक सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने जनता के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा संगठन के कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाने पर जोर दिया। शशिराजा बुंदेला ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन के विस्तार और कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव की तैयारी केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि लगातार जनता के बीच रहकर की जानी चाहिए। बूथ, न्याय पंचायत, ब्लॉक एवं नगर स्तर पर संगठन को सक्रिय करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता की समस्याओं को लेकर निरंतर संघर्ष करने और संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव के लिए ललितपुर विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशियों के रूप में शशिराजा बुंदेला एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामनरेश दुबे के नाम जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रस्तावित किए गए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि जिले में कांग्रेस संगठन लगातार सक्रिय है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा।

विश्वकर्मा जयंती की शोभायात्रा पर बुंदेलखंड जागृति मंच ने की पुष्पवर्षा, फल भी बांटे



ललितपुर। भगवान विश्वकर्मा जयन्ती महोत्सव पर गुरुवार को आयोजित शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का बुंदेलखंड जागृति मंच द्वारा पुष्पवर्षा एवं फल वितरण कर स्वागत-सम्मान किया गया। मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया। इस दौरान बुंदेलखंड जागृति मंच के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम अध्यक्ष बॉबी राजा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर मंच के पदाधिकारियों ने भगवान विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में बुंदेलखंड जागृति मंच के संरक्षक रामशरण निराला (बाबूजी), प्रबंधक डा.रक्षपाल सिंह, अध्यक्ष नीरज कामरेड, कोषाध्यक्ष राजा राजेंद्र सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष मनजीत सिंह सरदार, संगठन मंत्री राम रक्षपाल सिंह (शिक्षक), सांस्कृतिक मंत्री बालक दास अहिरवार (शिक्षक), ऑडिटर धन सिंह राजपूत (शिक्षक) सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा वरिष्ठ समाजसेवी हरिशंकर रजक, वरिष्ठ समाजसेवी इंद्रपाल सिंह तालगांव, सूरज पटेल, आर.पी. निरंजन, वीरेंद्र सिंह जाटव, सेवानिवृत्त शिक्षक जाहर सिंह यादव, रामदयाल साहू, केपी राजपूत, रामकिशन बैजनाथ, संतोष नवरत्न कोचिंग, तिलक सिंह, राजेश पाल, किशनकांत विश्वकर्मा एड., नंदराम यादव शिक्षक, आधार सिंह यादव, अखिलेश राजपूत शिक्षक, अमर सिंह राजा, हरिश्चंद्र प्रजापति, बाबाजी, सामंत सिंह यादव समेत अन्य साथीगण मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष बॉबी राजा ने आयोजन में सहभागिता करने वाले बुंदेलखंड जागृति मंच के सभी सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पुश्तैनी जमीन के फर्जी इकरारनामा का आरोप विरोध किया तो रिवॉल्वर से फायरिंग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना सौजना क्षेत्र के ग्राम सौजना में पुश्तैनी जमीन को लेकर फर्जी इकरारनामा तैयार कराने, कूटरचित दस्तावेजों के जरिए धोखाधड़ी करने तथा निर्माण सामग्री ले जाने का विरोध करने पर लाइसेंसी रिवॉल्वर से फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है।

शिकायतकर्ता की ओर से न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र और न्यायालय के आदेश के बाद थाना सौजना पुलिस ने 12 नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम सौजना निवासी ऊदल सिंह पुत्र हल्कू सिंह ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम सौजना में उनकी पुश्तैनी जमीन आराजी संख्या 721/1, रकबा 0.9 डिसमिल स्थित है। शिकायतकर्ता के अनुसार करीब पांच वर्ष पूर्व उन्होंने पुराने मकान को गिराकर नया मकान बनाना शुरू किया था, लेकिन निर्माण कार्य अर्धनिर्मित स्थिति में छोड़ दिया गया था। आरोप है कि 21 मई 2026 को गेंदाबाई और उनके पुत्रों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर कथित रूप से कूटरचित दस्तावेज तैयार कराए और उक्त मकान का इकरारनामा अनुरुद्ध प्रताप सिंह के पक्ष में करा दिया। शिकायत में यशपाल सिंह, वीरेन्द्र सिंह और खुमान सिंह पर गवाह के रूप में सहयोग करने का भी आरोप लगाया गया है। बीती 12 जून 2026 की सुबह करीब 10 बजे वह अपने अर्धनिर्मित मकान पर मौजूद था। उसके साथ उसका पुत्र दीपु राजा पत्नी पार्वती और कुछ ग्रामीण भी मौजूद थे। इसी दौरान अनुरुद्ध प्रताप सिंह अपने भाई यशपाल सिंह के साथ ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंचा और मकान में रखी बजरी, गिट्टी तथा सरिया ले जाने लगा। आरोप है कि जब ऊदल सिंह और उसके साथ मौजूद लोगों ने इसका विरोध किया तो अनुरुद्ध प्रताप सिंह ने उसे धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद यशपाल सिंह ने कथित रूप से अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। शिकायत के मुताबिक ऊदल सिंह अचानक हट गया, जिससे गोली उसे न लगकर बगल की जमीन में जा लगी। फायरिंग के बाद मौके पर शोरगुल होने पर आरोपी कथित रूप से जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए।

नगर पालिका और आईटीसी मिशन सुनहरा कल की पहल

फूलों से जैविक खाद बनाने की तुवन सरकार मंदिर में कंपोस्टिंग यूनिट शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित किए जाने वाले फूलों एवं अन्य जैविक अवशेषों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में नगर पालिका परिषद और आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में सराहनीय पहल की गई है। तुवन सरकार मंदिर परिसर में फूलों से जैविक खाद तैयार करने वाली कंपोस्टिंग यूनिट का नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने फीता काटकर यूनिट का उद्घाटन किया। इस पहल के तहत मंदिर परिसर में प्रतिदिन निकलने वाले फूलों एवं अन्य जैविक अवशेषों को कचरे के रूप में फेंकने के बजाय वैज्ञानिक एवं पर्यावरण-अनुकूल



तरीके से उपयोग में लाया जाएगा। कंपोस्टिंग यूनिट में मंदिर में चढ़ाए गए फूलों को प्रसंस्कृत कर उपयोगी जैविक खाद में परिवर्तित किया जाएगा। तैयार खाद का उपयोग मंदिर परिसर में लगे पौधों, हरियाली के संरक्षण और संवर्धन के लिए किया जाएगा।

नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि मंदिरों से निकलने वाले फूलों का उचित प्रबंधन स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। कचरे को संसाधन में बदलने की यह पहल नगर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाने में उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि कंपोस्टिंग यूनिट शुरू होने से मंदिर परिसर में फूलों के अपशिष्ट का व्यवस्थित निस्तारण सुनिश्चित होगा। साथ ही इससे तैयार होने वाली जैविक खाद का उपयोग परिसर की हरियाली को बढ़ाने में किया जा सकेगा। कंपोस्टिंग यूनिट के माध्यम से मंदिर में अर्पित फूलों को उपयोगी संसाधन में परिवर्तित करने की व्यवस्था की गई है। इससे फूलों के अपशिष्ट को इधर-उधर फेंकने अथवा सामान्य कचरे में मिलाने की आवश्यकता नहीं होगी। पहल के जरिए कचरे से संसाधन की अवधारणा को बढ़ावा देते हुए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का संदेश दिया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष सोनाली जैन, एसएफआई जगदीश तिवारी, आईटीसी मिशन सुनहरा कल के शुभम मिश्रा एवं अनूप त्रिवेदी सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे। बताया कि धार्मिक स्थलों से निकलने वाले जैविक अपशिष्ट के उचित प्रबंधन की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है। मंदिर परिसर में कंपोस्टिंग यूनिट के संचालन से जहां स्वच्छता व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, वहीं तैयार जैविक खाद का स्थानीय स्तर पर उपयोग कर हरियाली को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

रॉयल हाईट्स के पूर्व विद्यार्थी बलराम का रक्षा मंत्रालय में ऑडिटर के पद पर चयन



जीरापुर। रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र बलराम मेवाड़े ने मेहनत, लगन के साथ पढ़ाई कर सीजेएल परीक्षा उत्तीर्ण कर रक्षा मंत्रालय में ऑडिटर के पद पर नियुक्ति प्राप्त की। इस विधार्थी ने कक्षा 1 से 12वीं तक की शिक्षा रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राप्त की। जहां बताया कि मेरी सफलता में मेरे माता-पिता के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यालय में मुझे शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार और अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा मिली। संस्था संचालक रणधीर सिंह ने कहा बलराम मेवाड़े की यह सफलता पूरे रॉयल हाईट्स परिवार के लिए गर्व का विषय है क्योंकि छात्र रक्षा मंत्रालय में ऑडिटर के पद पर चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय द्वारा माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर सम्मान किया। प्रबंधक यशवर्धन सिंह , पुष्कर पटेल सहित विधालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

तंवर समाज के राहुल बने सब-इंसपेक्टर कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं



राजगढ़। सालों से अशिक्षा, कुप्रथाओं में जकड़ा जिले का तंवर समाज भी अब जागरुकता के चलते विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। समाज की प्रतिभाएं सभी क्षेत्रों में बढ़-चढ़कर अपना लोहा मनवा रही हैं। इसी कड़ी में नांदनपुर गांव के युवा राहुल तंवर ने भी दिन-रात मेहनत करते हुए पुलिस विभाग में सब-इंसपेक्टर का पद पाया है। राहुल की इस उपलब्धि पर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समाज के अन्य युवाओं से भी इसी तरह मेहनत और लगन से जीवन में आगे बढ़ते रहने की अपेक्षा जताई है। राहुल की इस उपलब्धि पर पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, चेनसिंह तंवर भवानीपुरा सहित समाज के अन्य वरिष्ठजनों, ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

श्री देवनारायण जन्मोत्सव पर आज निकालेंगे भव्य शोभायात्रा

जीरापुर। श्री देवनारायण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में भव्य शोभायात्रा शुक्रवार को निकाली जाएगी। श्री देवनारायण जन्म उत्सव समिति के तत्वावधान में 34वीं बार यह शोभायात्रा देवनारायण मंदिर से प्रातः 11:00 बजे प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली जाएगी, जिसका समापन दोपहर 4:00 बजे देवनारायण मंदिर पर होगा। शोभायात्रा में भगवान देवनारायण की आकर्षक भव्य झांकी सहित भजन कीर्तन मंडलियां एवं अखाड़े के कलाकारों द्वारा करतब दिखाए जाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय गुर्जर समाज धर्मशाला, भंडावद रोड़ पर महाप्रसादी का आयोजन भी रखा गया है।

मुख्यालय पर कुछ दुकानदारों की दुग्ध संचालकों से हुई नोकझोंक

जिले के अधिकांश क्षेत्रों में दूध की सप्लाई ठप, घरों में नहीं पहुंचा, दूध लाने वालों पर लगाया गया जुर्माना





राजगढ़, खिलचीपुर क्षेत्रों में ज्यादा नजर आया दुग्ध संचालकों की हड़ताल का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



दूध के फेट रेट एवं कीमतों में बढ़ोतरी की मांग को लेकर देवनारायण दूध संचालक संघ के आव्हान पर बुधवार से लगभग पूरे जिले में हड़ताल शुरू की गई। इस हड़ताल का व्यापक असर देखने मिला। राजगढ़ मुख्यालय पर सुबह से ही संघ के लोग जगह-जगह घूमकर उन दुकानों और दूध डेयरियों पर पहुंचे जहां सांची, अमूल, श्रीधी, सौरभ सहित अन्य कंपनियों का पेक्ड दूध छिपते, छिपाते बेचा जा रहा था। कुछ स्थानों पर हड़तालियों द्वारा उग्र रूप अपनाते हुए दुकानदारों का पैक्ड दूध सड़कों पर ढोलने से विवाद की भी स्थितियां निर्मित हुईं। हालांकि, पुलिस की सक्रियता के चलते कहीं भी विवाद बड़ा रूप नहीं ले पाया। राजगढ़ नगर में चाय, कॉफी की दुकानें सुबह से ही बंद नजर आईं। हालांकि, कुछ स्थानों पर चाय दुकानदार रात्रि के दूध से चाय बनाते देखे गए।

जो दूध देने आए उन पर लगाया दंड

जिन ग्रामीण दूध विक्रेताओं को इस हड़ताल की जानकारी नहीं थी जब वे बुधवार सुबह राजगढ, खिलचीपुर, जीरापुर सहित अन्य क्षेत्रों में घरों में दूध सप्लाई करने पहुंचे तो हड़ताली दूध संचालकों ने उन पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही भी की। इसके साथ ही पैक्ड दूध की थैलियां जब्त भी की गईं जिसके चलते दुकानदारों ने अपना आक्रोष जाहिर किया। राजगढ़ में कुछ दुकानों के पेक्ड मिल्क सप्लायर इस जबरर्दस्ती का विरोध करते भी देखे गए।

ब्यावरा, सारंगपर क्षेत्रों में कम दिखा असर

दूध संचालकों की इस हड़ताल का असर ब्यावरा, नरसिंहगढ़ क्षेत्रों में कम ही नजर आया। बताया जा रहा है कि इन क्षेत्रों में बुधवार को हुई बैठक के बाद संभवतः आज गुरुवार से यहां भी दूध की किल्लत नजर आ सकती है।

यह है शासन से मांगें

देवनारायण संघ जिलाध्यक्ष प्रेमसिंह भाटपुरा ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग है कि दूध का फेट 12 रुपए किया जाए एवं भैंस के दूध की कीमत 100 रुपए प्रति किलो एवं गाय के दूध की कीमत 80 रुपए प्रतिकिलो निर्धारित की जाए। पेक्ड मिल्क कंपनियां पूर्व से 60 से 70 रुपए प्रतिकिलो में अपना दूध जिले में सप्लाई कर रही हैं। ऐसे में जिले के कृषकों, गोपालकों को खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि भैंसों के लिए खली, बिनौला आदि की कीमत ही इतनी अधिक हो चुकी है कि अब 50 रुपए प्रतिकिलो में दूध बेचने से दूधवालों को हानि हो रही है। संघ ने शासन, प्रशासन से मांग की है कि दूध की कीमतों में जब तक बढ़ोतरी नहीं की जाएगी, यह हड़ताल इसी तरह जारी रहेगी।

2 अक्टूबर से हड़ताल की चेतावनी

पटवारियों के बाद अब रोजगार सहायक आंदोलन की राह पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

सालों से लंबित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शासन, प्रशासन से गुहार लगाते आ रहे ग्राम रोजगार सहायक भी अब आंदोलन की राह पर चल पड़े हैं। इसी कड़ी में जिले की सभी 622 ग्राम पंचायतों के रो. सहायकों ने बुधवार को मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले को एक ज्ञापन सौंपा। संगठन ने अल्टीमेटम दिया है कि यदि आगामी 2 अक्टूबर तक उनकी मांगे पूर्ण नहीं हुई तो पूरे प्रदेश के रोजगार सहायक बेमियादी हड़ताल पर चले जाएंगे।

इसके पूर्व सभी जीआरएस खिलचीपुर नाके पर एकत्रित हुए और यहां से नारेबाजी करते हुए जिला पंचायत परिसर पहुंचे। यहां सभी ने सीईओ श्री गढ़पाले को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। संगठन जिलाध्यक्ष सागर सिंह गुर्जर ने बताया कि गत 28 जून को मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि सभी रोजगार सहायकों को पंचायत सचिवों के समान सभी तरह के वेतन, भत्ते, सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

घोषणा हुई पर आदेश अभी तक जारी नहीं किए

उक्त घोषणा अभी घोषणा मात्र ही है और प्रेक्टिकली कोई आदेश फिलहाल तक जारी नहीं किया गया है। ऐसे में यदि आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक आदेश जारी नहीं किया गया तो न केवल राजगढ़ बल्कि पूरे प्रदेश की जीआरएस अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे। ज्ञापन के अवसर पर संगठन के सभी जिला पदाधिकारियों में शामिल सर्जन सिंह सौंधिया, प्रवीण उमठ, कालूसिंह राजपूत, रामबाबू दांगी, पवन तंवर, मोहनलाल, दिलीप नागर, दिनेश राठौर, हेमंत राजपूत, महेश गहलोत सहित अन्य उपस्थित थे।

खरीदी व निर्माण कार्यों में गड़बड़ी पर कार्रवाई

राजगढ़ नपा सीएमओ भोपाल अटैच, जांच भी बैठी

राजगढ़। काफी समय से पार्षदों की शिकायतों और अन्य अनियमितताओं पर आमजनों का आक्रोश झेल रही राजगढ़ नगर पालिका प्रबंधन में भोपाल स्तर से कार्यवाही हुई है। नपा सीएमओ पवन अवस्थी को सम्भागीय कार्यालय भोपाल अटैच किया गया है। इसके साथ ही राजगढ़ डिप्टी कलेक्टर निधि भारद्वाज के नेतृत्व में भोपाल के तीन अधिकारियों को शामिल करते हुए उक्त गड़बड़ियों की जांच हेतु एक दल भी बनाया गया है। जारी आदेश के तहत नपा प्रबंधन द्वारा बायोमेट्रिक मशीन के क्रय सहित अन्य निर्माणों में अनियमितताओं की शिकायतें मिलने पर सीएमओ अवस्थी को अस्थाई रूप से संभागीय कार्यालय भोपाल अटैच किया गया है। इसके साथ ही डिप्टी कलेक्टर भारद्वाज की अगुवाई में एक जांच टीम भी बनाई गई जो उक्त शिकायतों की सिरे से जांच करेगी। जांच दल में नगरीय प्रशासन उपसंचालक शिल्पा मालेवार एवं कार्यपालन यंत्री सचिन कुडू को शामिल किया गया है। आपको बता दें कि आयुक्त भोंडवे विगत दिनों राजगढ़ के दौरे पर आए थे। इस दौरान स्थानीय सर्किट हाउस में नगर पालिका से जुडी अनेक शिकायतें पक्ष एवं विपक्षी पार्षदों द्वारा की गई थीं।



मिष्ठान दुकानों से पनीर, रसगुल्ले, आटा और रेस्टोरेंट से चिकन व मटन करी के नमूने लिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खाद्य विभाग ने जिले के होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और मिठाई प्रतिष्ठानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। विभाग ने 15 सितंबर को डॉमिनोज पिज्जा, अव्यक्त रेस्टोरेंट और रजवाड़ी स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। अव्यक्त रेस्टोरेंट से पनीर और आटा तथा रजवाड़ी स्वीट्स से रसगुल्ले के नमूने लिए गए। 16 सितंबर को ढाबा आशियाना, कल्लू का ढाबा, होटल सयाजी और हवेली रेस्टोरेंट की जांच की गई। ढाबा आशियाना से चिकन करी और मटन करी के नमूने लिए गए। सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी। प्रतिष्ठान संचालकों को स्वच्छता और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

सनशाइन सोलर गोदाम चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

विदिशा। रंगई स्थित सनशाइन सोलर एनर्जी गोदाम में हुई चोरी का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी विल्सन जोसेफ पिता राजू जोसेफ (26), निवासी जतरापुरा, के कब्जे से चोरी गया सोलर प्लेट का एल्युमिनियम रीप करीब 30 हजार रुपए कीमत का बरामद किया है। फरियादी नवीन कोठारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 596/2026 के तहत मामला दर्ज किया था। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी की गई। इस मामले में पुलिस पूर्व में छह महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

अधिकारियों ने सेवा से संकल्प अभियान की समीक्षा की

अभियान की लंबित शिकायतों पर अधिकारियों से मांग स्पष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं मुख्यक कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा बुधवार को जनविश्वास अभियान तथा आगामी सेवा से संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित शिकायतों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा लंबित प्रकरणों के संबंध में संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण लिया गया। अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आगामी रक्तदान कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की।



उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान अधिक से अधिक रक्त एकत्र कर ब्लड बैंकों में उपलब्धता बढ़ाने तथा रक्तदान के लिए रोस्टर जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

आशीर्वाद के दीये से होगी अभियान की शुरुआत

बैठक में 17 सितंबर को आयोजित होने वाले 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत मोहानपुरा डैम, जालपा माता धाम एवं रेलवे स्टेशन पर दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 17 सितंबर से प्रारंभ हो रहे 'सेवा से संकल्प' अभियान की शुरुआत भी इसी आयोजन से होगी। अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी के माध्यम से सेवा, संवेदनशीलता और सकारात्मक बदलाव की दिशा में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े 4 प्रकरणों की सुनवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत की बैठक में बुधवार को वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े 4 प्रकरणों की सुनवाई की गई। कोर कमेटी ने दोनों पक्षों की बात सुनकर संवाद और समझाइश के जरिए 2 मामलों का आपसी सहमति से निराकरण कराया। पहले मामले में विदिशा निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग ने शिकायत की थी कि उनका बेटा गाली-गलौज कर परेशान करता है और भरण-पोषण भी नहीं देता। पंचायत में दोनों पक्षों की बात सुनी गई। सामने आया कि विवाद पारिवारिक कारणों से था। समिति की समझाइश के बाद पिता-पुत्र के बीच सहमति बनी और विवाद खत्म हो गया। कार्रवाई से संतुष्ट बुजुर्ग ने बेटे के साथ प्रसन्नता जताई।

धरना-प्रदर्शन जाम की चेतावनी

20 से दूध सप्लाई बंद करने का ऐलान, किसानों ने सौंपा ज्ञापन



नरसिंहगढ़। भारतीय किसान यूनियन एवं संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक बुधवार को मारुति नंदन मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा की गई। किसानों ने 20 सितंबर से दूध की सप्लाई बंद कर हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया। इससे पहले 19 सितंबर को किसान महापंचायत आयोजित कर आंदोलन को लेकर आगामी रणनीति तय करने की बात कही गई। बैठक के बाद किसानों ने एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दूध का भाव 12 रुपए फैट किए जाने, पीला मोजेक रोग के कारण खराब हुई सोयाबीन फसल का तत्काल सर्वे कराकर किसानों को राहत देने तथा सुठालिया-रसाई मार्ग के लिए अधिग्रहित जमीन का चार गुना मुआवजा दिए जाने की मांग की गई। किसान नेताओं ने कहा कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इस दौरान 20 सितंबर से मध्यप्रदेश में दूध की सप्लाई बंद करने के साथ धरना-प्रदर्शन और चक्काजाम जैसे आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी गई। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी, प्रभुलाल पटेल, प्रदेश महामंत्री नारायण सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता रामकिशन दांगी, प्रदेश उपाध्यक्ष भगवान सिंह पटेल, प्रदेश प्रभारी मांगीलाल गोस्वामी, प्रदेश महासचिव मनोहर मीणा, संभाग अध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर, राजगढ़ जिलाध्यक्ष रामबाबू दांगी, भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के जिलाध्यक्ष भारत सिंह मीणा, सोराम गुर्जर बद्रीलाल, संगठन मंत्री गिर्राज, महामंत्री गजेंद्र सिंह बना हेमराज गुर्जर मौजूद रहे।

दूसरे दिन भी जारी रही किसानों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया

क्षेत्र में सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार 'जयपाल सिंह खींची, बालकिशन गुर्जर, हेमंत सिंह, लाखन सिंह, जय सिंह लोधी और सोमन सिंह' ने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की है। ये 6 किसान आमरण अनशन पर बैठे हैं, जबकि सैकड़ों डूब प्रभावित किसान धरना स्थल पर मौजूद रहकर उनका समर्थन कर रहे हैं।दूसरे दिन भूख हड़ताल पर बैठे किसानों की तबीयत बिगड़ने लगी है, लेकिन प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी अब तक सुध लेने नहीं पहुंचा। प्रशासन की इस उदासीनता से किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों का कहना है कि जमीन, मकान, रोजगार सब डूब में चला गया और सरकार आज तक उचित मुआवजा तक नहीं दे पाई।किसानों ने चेतावनी दी है कि जब तक 9 सूत्रीय मांगों का लिखित में निराकरण नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा और इसे और उग्र किया जाएगा।

किसानों की 9 सूत्रीय मांगें

चार गुना मुआवजा दिया जाए , 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सदस्यों को वयस्क माना जाए खेती की भूमि पर स्थित परिसंपत्तियों का मुआवजा, काटे गए मकानों का मुआवजा दिया जाए, टोडी एवं गुर्जरखेड़ी के पूर्णतः डूब प्रभावित मकानों का मुआवजा, 6. 90: एवं 100: डूब प्रभावित परिवारों को पुनर्वास का लाभ, पुनर्वास स्थलों के नाम गांवों के नाम पर रखे जाए, सभी छूटे हुए गांवों एवं मकानों को डूब क्षेत्र में शामिल किया जाए, पेयजल के स्त्रोतों का मुआवजा दिया जाए।

50 साल पहले शुरू हुई छोटी पहल, गणेशोत्सव की परंपरा ने दी अलग पहचान



कुरावर। गणेशोत्सव पूरे देश में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। कुरावर में भी गणेशोत्सव का आयोजन वर्षों से धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बना हुआ है। आज नगर के विभिन्न स्थानों पर भव्य गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं और दस दिनों तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहती है। कुरावर में गणेशोत्सव की इस भव्य परंपरा की शुरुआत लगभग 50 वर्ष पूर्व नगर के कुछ गणमान्य नागरिकों ने की थी। बताया जाता है कि नगर के व्यापारी गोविंदराम जी सोमानी, मोहनलाल जी गोयल, जीवनलाल जी शर्मा, गोपालकृष्ण जी अग्रवाल, पुरुषोत्तम जी शर्मा, प्रकाश जी शर्मा, मांगीलाल खाटू, हेमसिंह चैहान, नन्नूलाल जी बाहेती, रामसहाय जी जामलिया सहित अनेक नागरिकों ने एक संकल्प के साथ इसकी शुरुआत की थी। पीपल चैराहे से शुरू हुआ यह आयोजन धीरे-धीरे नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान बनता चला गया। गणेशोत्सव के दौरान करीब दस दिनों तक रामलीला सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता था। इन कार्यक्रमों को देखने के लिए नगरवासियों के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते थे।

अनंत चतुर्दशी का विसर्जन बनता था आकर्षण

गणेशोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण अनंत चतुर्दशी का विसर्जन जुलूस हुआ करता था। भव्य झांकियों, अखाड़ों और देश के प्रसिद्ध बारे लाल बैंड के साथ निकलने वाली विसर्जन यात्रा देखने के लिए आसपास के हजारों ग्रामीण कुरावर पहुंचते थे। पूरी रात श्रद्धालु नयनाभिराम झांकियों और अखाड़ों का आनंद लेते हुए श्रद्धा और उत्साह के साथ पीलूखेड़ी स्थित पार्वती नदी तक पहुंचते थे, जहां विधि-विधान के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता था।

संगठन सृजन अभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

संगठन की मजबूती से ही जनता की आवाज बनेगी कांग्रेसः सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत पचोर के रेड कार्पेट होटल में 15 एवं 16 सितंबर को दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। शिविर में ब्लॉक, मंडल एवं नगर अध्यक्षों को बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और आगामी चुनावों की संगठनात्मक तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने संगठन को कांग्रेस की प्रमुख ताकत बताते हुए बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ता तैयार करने और जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने पर जोर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जमीनी स्तर पर संगठन की सक्रियता बढ़ाने तथा जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने की बात कही। महासचिव डॉ. संजय कमले ने संगठनात्मक ढांचे और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर प्रशिक्षण दिया। जिला प्रभारी सुरेंद्र सिंह बघेल ने आपसी समन्वय और जमीनी सक्रियता पर जोर दिया। प्रोमिल मित्रा



एवं आरिफ खान ने मतदाता सूची पुनरीक्षण और एडिजिटल तकनीक की जानकारी दी। राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने फैक्ट चेकिंग, मीडिया प्रबंधन और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण प्रभारी प्रज्ञा फिलिप्स ने प्रशिक्षण की जरूरत एवं क्रियान्वयन की जानकारी दी। शिविर में बूथ से जिला स्तर तक संगठन को मजबूत करने और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने का संकल्प लिया गया।

यूपीआई चार्ज जनता की जेब पर डाकाः पटवारी

सारंगपुर। पचोर से इंदौर जाते समय बुधवार शाम सारंगपुर बायपास पर मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान पटवारी ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था, युवाओं के रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और डिजिटल भुगतान पर संभावित शुल्क को लेकर सरकार पर निशाना साधा। पटवारी ने कहा कि आज डिग्री हासिल करने के बाद भी युवा रोजगार के लिए भटकने को मजबूर हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ियों और पेपर लीक जैसे मामलों से युवाओं का भरोसा प्रभावित हुआ है। कांग्रेस युवाओं की समस्याओं को दबने नहीं देगी और इन्हें निर्णायक आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

19 सितंबर को इंदौर में होगा छात्र-युवा सम्मेलनः उन्होंने कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज, युवाओं की आवाज' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि 19 सितंबर को इंदौर में छात्र एवं युवा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रदेशभर से छात्र, प्रतियोगी परीक्षार्थी और युवा शामिल होंगे। पटवारी ने कार्यकर्ताओं से इंदौर में अध्ययनरत छात्रों एवं युवाओं को कार्यक्रम से जोड़ने की अपील की।

यूपीआई शुल्क को लेकर केंद्र पर निशाना

डिजिटल भुगतान और यूपीआई लेनदेन पर संभावित शुल्क को लेकर पटवारी ने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में राहुल गांधी ने 'पे टू मोदी' के माध्यम से जिस आशंका को लेकर सवाल उठाया था, वह आज सामने आती दिखाई दे रही है। पटवारी ने दावा किया कि 2,000 रुपये से अधिक के डिजिटल लेनदेन पर प्रस्तावित शुल्क का अंतिम बोझ मर्चेंट के माध्यम से ग्राहकों पर पड़ सकता है। उन्होंने इसे डिजिटल इंडिया के नाम पर जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बताते हुए शुल्क वापस लेने की मांग की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैन, जनपद सदस्य घनश्याम मालवीय, राधेश्याम पाटीदार, बाबूलाल मालवीय, कमल सिंह राणा, जीवन सोलंकी, विनोद कुमार, गौतम मालवीय, मुस्तक शाह सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।